# Code No. 901

**Class : 9th (Ninth)** **Series : 9-M/2019**

रोल नं० : | | | | | | | | | | |

## हिन्दी

(only for Fresh / School Candidates)

समय : **3** घण्टे ] [ पूर्णांक : **80**

---

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **13** है।
- प्रश्न- पत्र में सबसे ऊपर दिये गये कोड नम्बर की छात्र उत्तर पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
- उत्तर पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना / पन्ने न छोड़े।
- उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य सीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखे और लिखा उत्तर न काटे।
- परीक्षार्थी अपना रोल नं प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखे और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाऐं ।
- कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित करने कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

---



Download from www.MsEducationTv.com

**नोट :-** (i) **सभी प्रश्न अनिवार्य है।**

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।

(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम / शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।

**खण्ड - क**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए :

(क) व्यंजन के कितने भेद होते हैं ? नाम भी लिखिए। 2

(ख) समास विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए : 2

पथभ्रष्ट, नीलकंठ

(ग) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर उनका वाक्य निर्माण कीजिए। 2

आग में घी डालना, लाल-पीला होना।

(घ) सर्वनाम किसे कहते हैं ? इसके कितने भेद होते हैं ? 2

(ङ) अनेकार्थी शब्द लिखिए (दो-दो ) : 2

कर, कल।

**खण्ड - ख**

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए: 8

(क) प्रातःकाल की सैर



Download from www.MsEducationTv.com

(ख) समय का सदुपयोग

(ग) मेरे जीवन का लक्ष्य

(घ) दीपावली

(ङ) बेकारी की समस्या

3. अपने प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए जिसमें कई महीने से अंग्रेजी की पढ़ाई न होने के कारण उत्पन्न कठिनाई का वर्णन किया गया हो। 4

**अथवा**

अपने क्षेत्र में मलेरिया फैलने की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदन पत्र लिखिए।

4. निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकारों के नाम बताइए : 3

(क) 'मैया मैं तो चन्द्र खिलौना लैहों ।

(ख) सुरभित सुन्दर सुखद सुमन तुझ पर खिलते हैं।

(ग) हाए! फूल-सी कोमल बच्ची ।

**खण्ड - ग**

5. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए: 1 x 5 = 5

(क) 'मौको कहाँ ढूंढे बंदे' पद में कवि ने ईश्वर को कहाँ ढूँढ़ने के लिए कहा है ?

(i) मन्दिर में (ii) मस्जिद में

(iii) अपने घर में (iv) अपने अंदर



Download from www.MsEducationTv.com

(ख) ललद्यद किसके घर जाना चाहती है ?

(i) पति के
(ii) परमात्मा के
(iii) प्रेमी के
(iv) रिश्तेदार के

(ग) कवि रसखान किस पर्वत पर पत्थर बनकर जन्म लेना चाहता है ?

(i) गोवर्धन
(ii) हिमालय
(iii) मैनाक
(iv) बिन्ध्याचल

(घ) 'माखन लाल चतुर्वेदी' ने कौन से गहने पहने हुए हैं ?

(i) माला
(ii) कड़ा
(iii) हथकड़ी
(iv) अँगूठी

(ङ) 'यमराज की दिशा' कौन-सी मानी जाती है ?

(i) पूर्व
(ii) पश्चिम
(iii) उत्तर
(iv) दक्षिण

6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1 x 5 = 5

और सरसों की न पूछी
हो गई सबसे सयानी,
हाथ पीले कर लिए हैं
    ब्याह मंडप में पधारी
    फाग गाता मास फागुन



Download from www.MsEducationTv.com

आ गया है आज जैसे
देखता हूँ मैंय स्वयंवर हो रहा है,
प्रकृति का अनुराग अंचल हिल रहा है
इस विजन में,
दूर व्यापारिक नगर से
प्रेम की प्रिय भूमि उपजाऊ अधिक है

(क) कवि के अनुसार सरसों ने हाथ पीले क्यों किए हैं ?

(ख) उपर्युक्त काव्यांश में गीत गाता हुआ किसे दिखाया जाता है ?

(ग) कवि ने प्रेम की प्रिय भूमि किसे कहा है और क्यों ?

(घ) काव्यांश में आए 'विजन' शब्द का क्या अर्थ है ?

(ङ) कवि व कविता का नाम बताइए।

7. निम्नलिखित काव्यांश का भाव-सौन्दर्य, शिल्प- सौन्दर्य एवं भाषा वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए :

मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के।
आगे-आगे नाचती गाती बयार चली,
दरवाजे-खिड़कियाँ खुलने लगीं गली-गली,
पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के
मेघ आए बड़े बन ठन के सँवर को।



Download from www.MsEducationTv.com

(क) काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) भाव-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। 2

(ग) भाषा वैशिष्ट्य स्पष्ट कीजिए। 2

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 x 2 = 4

(क) बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है ?

(ख) ब्रजभूमि के प्रति रसखान का प्रेम किन-किन रूपों में व्यक्त हुआ है ?

## खण्ड - घ

9. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 x 5 = 5

(क) कहुंजीहौस से हीरा और मोती को किसने खरीदा ?

(i) सड़ियल ने (ii) दढ़ियल ने

(iii) मुच्छड़ ने (iv) अड़ियल ने

(ख) तिब्बत में सबसे खतरे की जगह कौन-सी हैं ?

(i) थाने (ii) डाँडे

(iii) ढाँड़े (iv) ढाँढे

(ग) संभ्रांत महिलाओं की ड्रेसिंग टेबल पर कितने हजार की सौन्दर्य सामग्री का होना मामूली बात है ?

(i) दस (ii) बीस

(iii) तीस (iv) चालीस



Download from www.MsEducationTv.com

(घ) सालिम अली कौन से विज्ञानी थे ?

(i) पशु (ii) वनस्पति

(iii) पक्षी (iv) मानव

(ङ) उस समय लण्डन का प्रसिद्ध अखबार कौन-सा था ?

(i) हिन्दुस्तान (ii) ट्रिब्यून

(iii) टाइम्स (iv) जनसत्ता

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1 x 5 = 5

उन जैसा 'बर्ड-वाचर' शायद ही कोई हुआ हो। लेकिन एकांत क्षणों में सालिम अली बिना दूरबीन भी देखे गए हैं। दूर क्षितिज तक फैली जमीन और झुके आसमान को छूने वाली उनकी नजरों में कुछ-कुछ वैसा ही जादू था जो प्रकृति के प्रभाव में आने की बजाए प्रकृति को अपने प्रभाव में लाने के कायल होते हैं। उनके लिए प्रकृति में हर तरफ एक हँसती-खेलती रहस्यभरी दुनिया पसरी थी। यह दुनिया उन्होंने बड़ी मेहनत से अपने लिए गढ़ी थी।

(क) पाठ का नाम व लेखक का नाम बताइए।

(ख) इस पाठ में 'बर्ड वाचर' कौन है ?

(ग) पक्षियों के सम्बंध में सालिम अली के क्या विचार थे ?

(घ) सालिम अली के लिए प्रकृति कैसी थी ?

(ङ) एकांत क्षणों में सालिम अली क्या करते थे ?



Download from www.MsEducationTv.com

11. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2 x 3 = 6

(क) लेखक लंङ्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गया ?

(ख) बालिका मैना ने सेनापति 'हे' को कौन-कौन से तर्क देकर महल की रक्षा के लिए प्रेरित किया ?

(ग) 'महादेवी वर्मा के घर का वातावरण धार्मिक था'। 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के आधार पर बताइए।

12. प्रेमचन्द **अथवा** हरिशंकर परसाई के जीवन और साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

13. कृतिका (भाग-1) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3 x 5 = 15

(क) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे ?

(ख) लेखिका की नानी की आजादी के आन्दोलन में किस प्रकार की भागीदारी रही ?

(ग) 'शंकर जैसे लड़के या उमा जैसी लड़की' समाज को कैसे व्यक्तित्व की आवश्यकता है ? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

(घ) माटी वाली के पास अपने अच्छे या बुरे भाग्य के बारे में ज्यादा सोचने का समय क्यों नहीं था ?

(ङ) लेखक शमशेर बहादुर सिंह ने बच्चन के व्यक्तित्व के किन-किन रूपों को उभारा है ?



Download from www.MsEducationTv.com